# अवैध कॉलोनियां तोड़ने में "पिक एंड चूज़" नीति अपना रहा जे.डी.ए. का प्रवर्तन प्रकोष्ठ?


## जोन-14 में कार्रवाई करने पहुंची टीम 4 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी "राधिका विहार" को बार-बार नजरअंदाज करके लौट रही

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में कृषि भूमि पर बिना भू-रूपांतरण बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने में भी जे.डी.ए. का प्रवर्तन प्रकोष्ठ "पिक एंड चूज" की कार्रवाई कर रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि, जहां पर एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की जाती है, वहीं नजदीक दूसरी अवैध कॉलोनी को छोड़ा जा रहा है। ऐसे में जे.डी.ए. के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।

शुक्रवार को जे.डी.ए. की टीम ने जोन-14 में ग्राम बासा से सिमलिया की तरफ जाने वाली रोड पर करीब 10 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी में कार्रवाई की। परंतु इसी रोड पर शिवदासपुरा इलाके के ग्राम पाचुंडा में 4 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति और बिना भू-रूपांतरण किए बसाई गई अवैध कॉलोनी "राधिका विहार" पर कार्रवाई नहीं की गई।

सूत्रों की मानें तो शिवदासपुरा इलाके के ग्राम पाचुंडा में (खसरा नंबर 407) में 4 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए से बिना अनुमति "राधिका विहार" के नाम से अवैध कॉलोनी काटी गई है। काश्तकार ने इसके लिए ना तो कृषि भूमि का रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए प्रशासन से कोई इजाजत ली। अब यहां पर गृह निर्माण सहकारी समिति से बैकडेट में पट्टे जारी करके रातोंरात डामर सड़क, प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल और अवैध निर्माण किए जा रहे है। आमजन से इस कॉलोनी में निवेश करवाने के लिए तमाम मूलभूत सुविधाएं तक विकसित कर दी गई, जो जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनी में होती है। परंतु कॉलोनी में न तो तय सुविधा क्षेत्र छोड़ा गया और ना ही राज्य सरकार को कोई राजस्व जमा करवाया गया। अब यहां बिल्डर्स के जरिए धडल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है, ताकि कॉलोनी में ज्यादा से ज्यादा मकान दिखे और यहां बसावट अधिक होने के कारण कॉलोनी वास्तव में पुरानी ही दिखे, जैसे कि बैकडेट में जारी हुए पट्टे में है।

शिवदासपुरा इलाके में 4 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी "राधिका विहार" में हाल ही में बनाई गई डामर सड़क और अन्य निर्माण।

- **बिना भू-रूपांतरण और बिना अनुमति बसाई गई इस कॉलोनी में रातोंरात डामर रोड व अवैध निर्माण की शिकायतें भी जे.डी.ए. के पास दर्ज**
- **जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम एक सप्ताह पूर्व में भी जोन-14 में ग्राम नानजीपुरा व मोहनपुरागढ़ में कार्रवाई के लिए आई थी, तब भी इस अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई नहीं की गई थी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध कॉलोनी "राधिका विहार" को लेकर कई बार जेडीए के अफसरों को शिकायत दे दी, लेकिन कार्रवाई ही नहीं होती। जबकि इस क्षेत्र में आए दिए जेडीए की प्रवर्तन टीम कार्रवाई करने आती रहती है। शुक्रवार को भी ग्राम बासा से सिमलिया की तरफ जाने वाली रोड पर जेडीए ने कार्रवाई की थी।

इससे पूर्व में भी 20 दिसंबर को मोहनपुरा गढ़ के पास 16 बीघा में बसाई गई अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करने के लिए जेडीए टीम आई थी। उसी दिन इसी जोन-14 में ग्राम नानजीपुरा में 6 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी ध्वस्त की गई थी।

# भांकरोटा अग्निकांड और हादसे की जांच के लिए मौके पर पहुंची टीम

- **जिस यू-टर्न पर ए.पी.जी. गैस से भरे टैंकर और ट्रक की भिड़ंत हुई थी, उस घुमाव पर सड़क की चौड़ाई 8 लेन से बढ़ाकर 10-12 लेन करने का सुझाव दिया**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर-अजमेर हाईवे पर 20 दिसंबर को ट्रक-टैंकर की भिंड़त में हुए भीषण अग्निकांड व हादसे की जांच के लिए जयपुर कलेक्टर की बनाई 6 सदस्य कमेटी शुक्रवार को घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची। कमेटी ने घटनास्थल पर सभी पहलुओं को देखा और वहां तकनीकी एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद यूटर्न वाली जगह पर रोड की चौड़ाई बढ़ाने का सुझाव दिया। साथ ही कमेटी ने इसके लिए जमीन भी तलाशने की बात कही। यहां पर 24 घंटे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती और मौके पर हाईमास्क लाइटें लगाने के निर्देश दिए।

ज्ञात रहे कि वर्तमान में इस यूटर्न के पास एनएचएआई ने पहले से 8-लेन की सड़क बना रखी है। इसमें से 6 लेन का मुख्य हाईवे है, जबकि दोनों तरफ एक-एक लेन का 50 से 70 मीटर तक का टुकड़ा अलग है। कमेटी में क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी (प्रथम) राजेंद्र शेखावत, एडीएम आशीष कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता और जयपुर सीएमएचओ (द्वितीय) हंसराज भदालिया मौजूद रहे। कमेटी ने घटनास्थल वाले पॉइंट से लेकर दक्षिणी रिंग रोड और बगरू टोल प्लाजा तक का मौका निरीक्षण भी किया।

उन्होंने घटनास्थल वाले पॉइंट पर किस तरीके से अजमेर से आने वाले वाहन यू टर्न लेते हुए रिंग रोड पर जाते हैं उसे देखा। साथ ही क्लोवर लीफ का काम पूरा नहीं होने तक इस पोइंट पर ऐसा क्या किया जाए, जिससे इस तरह की दुर्घटना को रोका जा सके। उस पर गहनता से चर्चा की। कमेटी ने इस दौरान मौके पर ही घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी रिकॉर्ड किए। इसके अलावा क्लोवर लीफ बनने तक इस तरह की घटनाओं को कैसे रोका जाए इसके लिए यूमटर्न वाले हिस्से में सड़क की चौडाई को और बढ़ाने के लिए कहा। इसके लिए वहां जमीन तलाशने पर भी चर्चा की।

कमेटी ने हाईवे पर मेडिकल एम्बुलेंस की व्यवस्था, टैंकरों पर कलर कोड होने, ताकि रात में ये दिखाई दे सके। ज्वलनशील पदार्थ वाले टैंकरों के नोजल बॉक्स और मजूबत हो। इस पर भी चर्चा की। इसके साथ ही घटना स्थल वाले पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती 24 घंटे करने और मौके पर हाईमास्क लाइटें लगाने के निर्देश दिए। ताकि रात में भी हाईवे पर दूर से आ रहे वाहन चालक को आसानी से ये पोइंट दिख सके। इसके बाद आखिरी में टीम ने टोल प्लाजा पर पहुंचकर वहां से गुजरने वाले वाहनों की संख्या के बारे में भी पड़ताल की। कमेटी ने एनएचएआई अधिकारियों से क्लोवर लीफ का काम जल्द से जल्द पूरा करने की भी बात कही।

## स्वर्ण मंडित मुकट धारण करेंगे मोती डूंगरी गणेशजी

**जयपुर** (कासं)। श्री मोतीडूंगरी गणेशजी महाराज एक जनवरी को साल के पहले बुधवार को नवीन पोशाक धारण करेंगे। सिर पर स्वर्ण मंडित मुकुट होगा। इस दिन भगवान गणपति को छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। मंदिर महंत पं. कैलाश शर्मा ने बताया कि नववर्ष और बुधवार का संयोग देखते हुए श्री मोतीडूंगरी गणेश मंदिर की ओर से भक्तों के लिए दर्शनों की विशेष व्यवस्था की जाएगी। मुख्य सडक़ पर पांच प्रवेश लाइन बनाई जाएगी। इस दिन सुबह 5 बजे मंगला आरती होगी।

## सार-समाचार

### अल्लारक्खा खां का सितार वादन



**जयपुर**। तबला साज के शहंशाह उस्ताद मरहूम जाकिर हुसैन को समर्पित तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह शुक्रवार को शुरू हुआ। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से हो रहे इस संगीत समारोह के पहले दिन संस्थान परिसर में संजोई मॉर्निंग रागाज में शहर के नामी फनकार अल्लारक्खा खां का सुरीला सितार वादन हुआ। फनकार अल्लारक्खा खां ने सितार साज पर सुरों की बेहतरीन आईनबंदी कर प्रात:कालीन राग-रागनियों का गुलदस्ता सजाया। उन्होंने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव से राग ललित का शृंगार कर श्रोताओं के दिलों को छू लिया। उन्होंने आलाप, जोड़ और झाला में राग ललित का नैसर्गिक सौन्दर्य दर्शाया। उन्होंने अपने कमाले फन से विलंबित लय तीन ताल व द्रुत तीन ताल में बंदिशों को नजाकत व नफासत से पेश कर माहौल में शास्त्रीय संगीत की मिठास घोल दी। इस फनकार ने गायकी अंग और तंत्रकारी का बेहतरीन संयोजन दर्शाकर सितार साज की बारीकी से रू-ब-रू कराया। अंत में उन्होंने राग यमन में पिरायी कुछ फिल्मी हिट गीतों की सुरीली धुनों को बजाकर अपने कार्यक्रम को विराम दिया। तबले पर गुलाम गोस ने दमदार संगत कर कार्यक्रम में रौनक भर दी। इससे पहले संगीत कलाविद् आरडी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा और उस्ताद जाकिर हुसैन के चित्र पर माल्यार्पण कर वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे इस संगीत समारोह का आगाज किया। संचालन वीना अनुपम ने किया।

### सीए कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन



**जयपुर**। भारतीय सीए संस्थान जयपुर शाखा में आयोजित चार दिवसीय "सीए कॉन्क्लेव 2024 : उत्कृष्टता इन नॉलेज एंड प्रैक्टिस" आज शुरू किया गया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और उपाध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि पेशेवरों को एमएसएमई, विदेश व्यापार नीति और टेली प्राइम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमित अपडेट्स और एडवांस टूल्स के उपयोग में कुशल बनाया जाये। इस आयोजन से केवल सीए पेशेवरों को नवीनतम ज्ञान और प्रथाओं से अवगत कराते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार भी करते हैं। सीए कॉन्क्लेव का आयोजन 26-30 दिसम्बर को जयपुर शाखा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में लगभग 600 सीए सदस्यों ने भाग लिया। यह इस बात का प्रमाण है कि सीए समुदाय में ना केवल अपने ज्ञान और कौशल को उन्नत करने की रुचि है, बल्कि सामूहित रूप से उद्योग में आने वाली नई चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता भी है। विशेषज्ञों की शृंखला में आज सीए अभिषेक सिंघवी ने राइजिंग राजस्थान में रिप्स2024 से संभवत: अवसरों एवं जोखिमों के बारे में विस्तार से समझाया और सीए आशीष मित्तल ने विदेश व्यापार नीति, प्रक्रिया, प्रोत्साहन और पेशेवरों के लिये अवसरों के बारे में बताया। 27 दिसम्बर को बलबंत सिंह चौहान और राकेश शर्मा, टैली एकांउटिंग पर, 28 दिसम्बर को सीए अक्षय बड़ाया, सीए जितेंद्र अग्रवाल, कैपिटल मार्केट, 30 दिसम्बर को सीए अंकित माहेश्वरी और सीए आर.ए.शर्मा और ऑडिटिंग मानक पर वक्ता होंगे। इस तरह के कार्यक्रम न केवल व्यावसायिक ज्ञान में वृद्धि करते हैं बल्कि सदस्यों को व्यवसायिक नैतिकता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाये रखने में भी मदद करते हैं।

### विहिप धर्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर**। रैगर समाज खोह-नागोरियान जयपुर द्वारा रामदेवजी मंदिर मे पीठाचार्य अखिल रामजन मंडल संत रघुवरदास, प्रदेश संयोजक रामजन मंडल सत्यदास, नाथ संप्रदाय के नंदेश्वरजी, कृष्णानंदजी और रामजन मंडल के राष्ट्रीय मंत्री बाबूलाल के सानिध्य मे धर्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संतों ने धर्म के लिए बलिदान हुए संतों को पुष्पांजलि की। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार के प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि "जिस तरह आज देश में ईसाई मिशनरियों एवं अन्य विधर्मियों द्वारा भोले भाले गरीब हिन्दुओं को लोभ-लालच में फंसाकर जबरन धर्मांतरण का कुचक्र बड़े पैमाने पर रचा जा रहा है, ठीक ऐसा ही परिदृश्य मध्ययुग मे आक्रांता सिकंदर लोदी, हिन्दुओं पर क्रूर अत्याचारों व जजिया कर लगाकर जबरन धर्मांतरण करवा रहा था। उस समय सदगुरु रामानंद द्वारा स्थापित द्वादश भक्त मंडली के अगुवा संत रैदास के नेतृत्व मे भक्तिकालीन कवियों व संतो ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ जनजागृति अभियान प्रारंभ कर न केवल हिंदुओं को स्वधर्म मे अडिग रहने का आत्मबल दिया, वरन लाखों धर्मांतरित लोगों का परावर्तन करवाया। भार्गव ने उपस्थित संतों से आग्रह किया कि संत रैदास की तरह ही आप भी अपने क्षेत्र में धर्मांतरण के खिलाफ जनजागृति अभियान प्रारंभ करे। कार्यक्रम में भारती, कबीर पंथ, वैष्णव पंथ सहित अनेक पंथों के सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मप्रसार प्रांत परावर्तन प्रमुख अशोक ने किया।

### मादक पदार्थों के साथ 11 गिरफ्तार

**जयपुर ( कासं )**। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक, गांजा और शराब पीकर शांति भंग करने वाले ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक,गांजा और शराब पीकर शांति भंग करने वाले तेजाराम, रमेश सांसी, शेरखान, सोहिल मिर्जा, अजीत, लाखन, सुरेन्द्र,जुनेद,प्रकाश चंद केशवानी, जितु बंजारा और रोशन बंजारा को गिरफतार किया गया है।

# जवाहर सर्किल पर स्टंटबाज ने पुलिसकर्मी को टक्कर मारी

## एक टायर पर बाइक चला रहा था आरोपी, गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर सर्किल इलाके में एक स्टंटबाज ने पुलिसकर्मी को बाइक से टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। एक टायर पर बाइक चलाकर स्टंट करते देख पुलिसकर्मी उसको पकड़ने आया था। पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर भागने का वीडियो वायरल हो गया। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी स्टंटबाज को अरेस्ट कर बाइक जब्त कर ली है।

पुलिस ने बताया कि स्टंट करने वाले आरोपी रामलखन मीना (25) पुत्र रामवतार मीना निवासी दौसा को अरेस्ट किया गया है। गुरुवार दोपहर को आरोपी रामलखन बाइक से स्टंट कर वीडियो शूट करवा रहा था। जेएलएन मार्ग स्थित एक मॉल के बाहर एक टायर पर बाइक चलाकर स्टंट कर रहा था। जिसे देखकर पास ही मौजूद पुलिसकर्मी उसे पकड़ने आया। बचने के चलते रामलखन ने बाइक से कट मारकर पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी। पुलिसकर्मी को रोड पर गिरा देखकर बाइक सवार फरार हो गया। स्टंटबाज के पुलिसकर्मी को टक्कर मारकर भागने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के तहत जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। वीडियो से आरोपी को चिन्हित कर एक टीम को दौसा भेजकर आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर स्टंट करने के मामले में आरोपी रामलखन को अरेस्ट किया। पुलिस ने स्टंट में यूज उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया है।

## रामकथा एक जनवरी से

**जयपुर**। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर दादा गुरु रसिक माधुरी शरण महाराज के 126 वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अजमेर रोड पुरानी चुंगी नाका स्थित श्री शुक संप्रदाय आचार्य पीठ बरसाना में एक से नौ जनवरी तक श्री राम कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में व्यास पीठ से आचार्य डॉ. राजेश्वर दोपहर 1:30 से शाम 4:30 बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सुबह 11 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर से बरसाना तक गाजेबाजे के साथ रामायणजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कथा में श्री राम जन्मोत्सव और श्रीराम-जानकी विवाह समेत कई प्रसंग होंगे।

# जबरन वसूली करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

- **आरोपी के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़, चोरी और अवैध हथियार रखने के दस से ज्यादा मामले दर्ज है।**

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जबरन वसुली करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जो पिछले चार माह से फरार चल रहा था। आरोपी तीन लाख रुपये वसुल चुका है और दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मारपीट, चोरी, छेडछाड और अवैध हथियार रखने के दस से ज्यादा मामले दर्ज है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जबरन वसुली करने वाले हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद करैशी निवासी शास्त्रीनगर जयपुर को गिरफतार किया गया है। आरोपित शास्त्रीनगर थाने का एचएस है और उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों मे चोरी,मारपीट,लडाई-झगडे, तोडफोड, वसुली, छेडछाड और अवैध हथियार रखने के 10 मामले दर्ज है। वहीं इस वसुली के मामले में इमरान कुरैशी और सलमान कुरैशी की तलाश की जा रही है।



**अपनी आगामी फ़िल्म "माली" के प्रमोशन पर गए फ़िल्मकार प्रदीप शर्मा "टूटू" और उनकी धर्मपत्नी अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे का उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निवास स्थान पर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। धामी ने उनकी आगामी फ़िल्म की शूटिंग भी उत्तराखंड में करने का निमंत्रण दिया।**


## 'दारू नहीं दूध से करें नववर्ष का स्वागत'

**जयपुर**। राजधानी में अंग्रेजी नर्व वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को एक बार फिर नव वर्ष की शुरुआत दारू नहीं दूध के साथ महाभियान के अंतर्गत सैकड़ों स्थानों पर गुनगुना दूध पिलाया जाएगा। कहीं तो दूध के साथ जलेबी भी खिलाई जाएगी। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से आयोजित दूध महोत्सव को जयपुर डेयरी और लॉटस डेयरी का पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्य आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर होगा। इंडियन अस्थमा केयर सोसायटी ने 21 साल पहले राजस्थान विवि. के मुख्य द्वार पर 500 लीटर दूध से इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। अब 31 दिसंबर को यहां 8000 लीटर दूध पिलाया जाता है।

# ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राजस्व अधिकारी (आरओ) एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) 2022 का पेपर लीक मामले में शुक्रवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एटीएस और एसओजी अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में दीपक प्रजापत (24) निवासी खजवाना जिला नागौर, रामप्रकाश (26) निवासी निम्बड़ी चांदावता जिला नागौर हाल एलडीसी ग्रेड द्वितीय पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या 02 उदयपुर और विकेश कुमार मान (28) निवासी लूणकरणसर जिला बीकानेर हाल लिपिक ग्रेड द्वितीय, डीजे कोर्ट जालौर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपित दीपक प्रजापत द्वारा ईओ-आरओ परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कर परीक्षा पास की गई थी और अन्य आरोपी राम प्रकाश एवं विकेश कुमार मान को ब्लूटूथ से नकल करवाने में मोबाइल सिम उपलब्ध करवाई गई है।



उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 14 मई 2023 को ईओ-आरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें पोरव कालेर व तुलछाराम कालेर ने अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से नकल करवाई गई थी। इस संबंध में मामला थाना एसओजी में दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। इस प्रकरण में 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 7 जनवरी को होगा

**जयपुर**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राजस्थान में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन का कार्य अंतिम चरण में है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अगस्त 2024 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 के रूप में शुरू हुई, यह गतिविधि अंतिम मतदाता सूचियों के प्रकाशन के साथ 7 जनवरी को पूरी होगी। प्रारूप सूचियों के प्रकाशन के बाद उन पर प्राप्त दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 24 दिसम्बर को पूरी हो चुकी है। अब सूचियों का प्रकाशन 7 जनवरी को होगा।

महाजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान निर्वाचन विभाग मतदाता सूचियों को तैयार करने और उन्हें समय-समय पर अपडेट करने, मतदान के लिए ईवीएम मशीनों के उपयोग और रख-रखाव तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी आंकड़ों का संकलन और संधारण का काम पारदर्शिता के साथ करता है। इन गतिविधियां निर्धारित समयसीमा के अनुक्रम में लगातार चलती रहती हैं और इनमें हर स्तर पर आम नागरिकों, राजनैतिक दलों, गैर-सरकारी स्वयंसेवी संगठनों आदि के साथ नियमित रूप से समन्वय और उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है।

उन्होंने बताया कि बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं का घर-घर सत्यापन किया जा रहा है। राजनैतिक दलों को प्रारूप सूचियां नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाती है। महाजन ने बताया कि प्रारूप सूचियों पर 26.97 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। अब 7 जनवरी को अंतिम मतदाता सूचियों के प्रकाशन के साथ एसएसआर कार्यक्रम का समापन होगा। पहले सूचियों का प्रकाशन 6 जनवरी को होना था, लेकिन इस दिन गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर सार्वजनिक राजकीय अवकाश होने के चलते निर्वाचन आयोग ने सूचियों का प्रकाशन 7 जनवरी को करने के निर्देश जारी किए है।

## विंटर वीव प्रदर्शनी का आगाज़ हुआ

**जयपुर**। गुजरात की भुजोड़ी की बुनाई से लेकर आंध्रप्रदेश की पेन कलमकारी के रंगों तक हर शिल्प रचनात्मकता, विरासत और देश के विभिन्न संस्कृतियों की कहानी बयां कर रहा था। मौका था शिल्पकारी की ओर से तीन दिवसीय विंटर वीव्स एग्जीबिशन का। जयपुर क्लब में 27 दिसम्बर, शुक्रवार से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड - कुमाऊं, हैदराबाद, तेलंगाना, गुजरात, नोर्थ ईस्ट, बिहार, पंजाब और उत्तर प्रदेश के राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और ख्याति प्राप्त आर्टिजंस ने अपनी कारीगिरी का नमूना पेश किया। इस अवसर पर एग्जीबिशन का उद्घाटन सिक्किम के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, एस.एन भार्गव द्वारा किया गया। साथ ही मेडिटेशन एक्सपर्ट और यगन आचार्य, निर्मला सेवानी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ एग्जीबिशन का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान शिल्पकारी की संस्थापक शिल्पी भार्गव और हरीश भार्गव के साथ गणमान्य अतिथि सुधीर कासलीवाल, सरिता सिंह, अनुपमा साहू, अलका बत्रा और सुधीर माथुर भी मौजूद रहे।

# 14 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 2 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं

**जयपुर** (कासं)। जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने करीब 14 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। उपमहानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 में निजी खातेदारी की 4 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी ध्वस्त की गई। जबकि जोन-12 में कालवाड़ रोड स्थित ग्राम नारी का बास में भी जेडीए स्वामित्व की सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इसी तरह जोन-9 में गोनेर रोड पर निजी खातेदारी की 10 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। विश्नोई ने बताया कि जोन-13 क्षेत्र में दिल्ली रोड स्थित ग्राम लबाना में करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना-भू रूपान्तरण करवायें "मिताशी नगर" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाकर इसमें रातोंरात मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें और बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए थे। जोन-14 इलाके में ग्राम बासा से सिमलिया की तरफ जाने वाली रोड पर करीब 10 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर भी इसी तरह अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास थे। दोनों कॉलोनियों को जेडीए टीम ने ध्वस्त किया। इसी प्रकार जोन-12 में कालवाड़ रोड पर ग्राम नारी का वास में जहां अटल विहार योजना काटी गई है, वहां पर जेडीए स्वामित्व की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके कमरे, लेट-बाथ, तारबंदी, बाडे, चबूतरे, सीढियां और बाउन्ड्रीवाल बनाकर रखे थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से हटाया।

